संक्षिप्त

पक्षी बचाओ परिंडा अभियान जारी

कोटपूतली, (निसं)। भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए टीम स्वच्छता सेवा दल द्वारा पक्षी बचाओ परिंडा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन क्षेत्र में परिन्डे लगाये जा रहे है। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते मंदिरों, सार्वजनिक पार्को, विद्यालयों एवं छायादार वृक्षों के नीचे पक्षियों के लिए पानी के लिए परिंडे लगाए जा रहे हैं। टीम के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कम से कम 05 परिंडे लगाए जाते हैं। टीम का प्रत्येक सदस्य अपने घर के आसपास किसी मंदिर, विद्यालय या किसी सार्वजनिक पार्क में छायादार पेड़ों के आसपास परिंडे लगाकर उसमें पानी डालने की जिम्मेदारी भी निभाते है। सोमवार को निजी विद्यालय के बगीचें में 05 परिंडे लगाए गए। इस दौरान पार्षद प्रमोद गुरुजी, हेमंत मोरीजावाला, अमित सैनी व गिरवर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीराम कथा का आयोजन जारी

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के नागाजी की गौर स्थित श्री नागाजी मंदिर में सीताराम दास महाराज के सानिध्य में चल रही 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में सोमवार को जहां विशाल संत समागम का आयोजन हुआ वहीं इस दौरान गौ सेवार्थ संगीतमय सुंदरकांड समिति के सदस्यों ने पहुंचकर कथा व्यास आचार्य पं. मधुर गोपाल दास शास्त्री जी महाराज, नागाजी मंदिर महंत श्री श्री 108 मक्खन दास जी महाराज एवं सीताराम दास जी महाराज का माल्यार्पण व दुप्पटा ओढ़ाकर एवं श्रीराम दरबार स्मृति चिन्ह व 5100 रुपये सहयोग राशि नकद भेंटकर स्वागत किया गया।

मारपीट व दुर्व्यवहार का मामला दर्ज

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा की ढाणी चौलाई से कुछ लोगों द्वारा एक खेत में जबरन घुसकर ट्रैक्टर से जुताई करने एवं रोके जाने पर एक महिला से गाली गलौच, मारपीट व दुर्व्यवहार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार राजबाला (33) पत्नी श्रीराम यादव ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया है कि 7 जून को करीब प्रातः 5.30 बजे सुरेश, सुभाष, राजकुमार पुत्रान ख्यालीराम, संतोष पत्नी ख्यालीराम, निर्मला पत्नी सुरेश, सुमन पत्नी राजकुमार, आदित्य व अभिषेक पुत्रान सुरेश, अमन पुत्र सुभाष आदि एकराय होकर जबरन परिवादियां के खेत में घुसकर ट्रैक्टर से जुताई करना शुरू कर दिया। रोके जाने पर गाली गलौच व मारपीट करने लगे। साथ ही गलत हरकत कर बेईज्जत किया। पीडिता के पति श्रीराम के बचाने के प्रयास पर मारपीट की कोशिश की। साथ ही पीडिता के घर आकर भी इज्जत खराब करने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कानून की जानकारी दी

कोटपूतली, (निसं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर सोमवार को कस्बा स्थित पुलिस थाने में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व एसएचओ राजेश शर्मा ने छात्राओं को महिला व साईबर अपराधों एवं कानूनों की जानकारी दी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी **श्री सत्यनारायण जी मोयल** (हस्तेडा वाले) का बैकुंठवास 09.06.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 11.06.2024 (मंगलवार) को सायं 5 से 6 बजे पिपलोदा पार्क, किशोरपुरा रोड, हाथौज कालवाड रोड, जयपुर पर होगी। (यह अन्तिम बैठक रहेगी)

शोकाकुल- मानचन्द्र (भ्राता), सुनील, महेन्द्र, रोहित (भ्राता पुत्र), रमेश, महेश, सुरेश, दिनेश (पुत्र), हिमांशु, शशांक, भविष्य, मयूर, निशान्त, निशिकांत (पौत्र), हार्दिष (प्रपौत्र), समस्त मोयल परिवार हस्तेडा वाले।

मो. 8696903327, 9828107437, 9636599467, 9829142402

छोटे-बड़े नालों की सफाई मानसून से पूर्व करा ली जाएं : डॉ. सौम्या झा

टोंक, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारियां, बडे व छोटे नालों की साफ-सफाई, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की प्रगति, ई-फाइल, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरण समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में निर्माणाधीन पेयजल टंकियों, पेयजल पाइप लाइनों को डालने की प्रगति, जल जीवन मिशन एफएचटीसी किये जाने की समीक्षा की।

- बैठक में पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारियां आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की

उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल को बंद पडे हैडपंपों को रिपेयर कराने एवं बंद व कार्यरत पीएसपी पाइंट की जानकारी ली। टोंक शहर में विगत दिनों वार्डवार पेयजल सप्लाई, कम प्रेशर की आई शिकायतों के निस्तारण को लेकर आरयूआईडीपी द्वारा की गई कार्यवाही और वर्तमान स्थिति की समीक्षा के दौरान संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर जिला कलेक्टर ने अधिशाषी अभियंता धर्मेंद्र मीणा को शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।

आगामी दिनों में मानसून की संभावना को देखते हुए नगर परिषद एवं आरयूआईडीपी को समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी सीवरेज चैंबर एवं छोटे-बडे नालों की सफाई मानसून से पूर्व ही करा ली जाएं, ताकि जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो। जिला कलेक्टर ने सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान से जुडे सभी कार्य समयबद्धता के साथ लक्ष्य निर्धारित कर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों के आवंटित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। विद्युत विभाग के अधिकारियों का पीएचईडी को दिए जाने वाले विद्युत कनेक्शन प्रकरणों का प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। उन्होंने पीएम कुसुम योजना, घरेलू विद्यतु कनेक्शन एवं विगत एक सप्ताह में सर्किल वाइज विद्युत सप्लाई स्थिति की जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव से हीटवेव से पीडित मरीजों, मौसमी बीमारियों की स्थिति एवं आरएमआरएस से एसी, कूलर, पंखे, वॉटर कूलर सहित आवश्यक संसाधनों की खरीद के संबंध में समीक्षा की। पीएमओ डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि सआदत एवं एमसीएच में 30 एसी इंस्टॉलेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही, पंखे व कूलर भी आगामी सप्ताह में लग जाने की संभावना है। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल, सतर्कता, लोकायुक्त, जनसुनवाई में आए प्रकरणों का नियत समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, ई-फाइल प्रगति की समीक्षा की।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में 4 लोगों की मौत, 1 गंभीर घायल

चौमूं / कालाडेरा (निसं)। जम्मू-कश्मीर में बस पर हुए आतंकी हमले में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जिनमें जयपुर जिले के चौमूं के 4 लोगों की मौत हो गई और जयपुर का एक व्यक्ति घायल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से ठीक एक घंटे पहले आतंकियों ने वारदात को अंजाम दिया। मौत की सूचना से घरों में सन्नाटा पसर गया और परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना को लेकर दुख जताया है। मिडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि बस में सवार 45 यात्री थे। जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जम्मू-कश्मीर जिला प्रशासन से बात चल रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से राजेन्द्र और पवन के घरों पर टीम भेज दी गई हैं। चारों मृतकों के शव देर रात तक ट्रेन से जयपुर लाए जाएंगे। पीड़ित परिवार के ओमप्रकाश ने बताया कि हादसे में बेटी और दोहिते की मौत हो गई। छोटा भाई और उसकी पत्नी भी नहीं रहे। ओमप्रकाश ने आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सरकार से मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि आतंकी हमले में मारे गए चारों लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। हमले में चौमूं के वार्ड 5 की पांच्यावाली ढाणी निवासी राजेन्द्र सैनी (42) पुत्र हनुमान सहाय सैनी और उनकी पत्नी ममता सैनी (40) की मौत हो गई। वहीं राजेन्द्र के बडे भाई ओमप्रकाश की बेटी हरमाडा थाना क्षेत्र की अजमेरा की ढाणी निवासी पूजा सैनी (30) और पूजा के बेटे लिवांश उर्फ किट्टू (2) की मौत हुई है।

शहीदी दिवस पर गुरु अर्जुन देव की शहादत को याद किया

देवली, (निसं)। यहां गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत ने श्री गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को याद किया और शहीदी दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस पुण्य कारज पर गुरु जी की याद में सेवादारियों ने शहर के मुख्य मार्गों पर ठंडी कच्ची लस्सी छबील लगाई जिसमें सैकड़ो राहगीरों के बीच शरबत वितरण किया गया।

इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रवक्ता गोविंद सिंह सेठी ने बताया कि सोमवार को यहां श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा मे गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर गुरुघर की नानक नाम लेवा संगत ने गुरु जी की मीठी याद में एवं शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा में 10 दिवस तक सुखमणि साहिब जी के पाठ किए इस क्रम में सोमवार को शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष कीर्तन दरबार सजाया गया जहां गुरुद्वारा ग्रंथि त्रिलोक सिंह ने गुरु की शहादत को याद कर गुरु जी के मार्गदर्शन पर चलने का संदेश दिया। कहा कि गुरु जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने शरीर पर कठोर से कठोर यातनाएं झेली लेकिन मुगल शासन के आगे शीश नहीं झुकाया और हंसते-हंसते हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए और हिंदू धर्म की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। ग्रंथी ने कहा कि गुरु श्री अर्जुन देव जी की मीठी याद और गुरु जी की शहादत को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहीदी दिवस के इस मौके पर गुरु घर के सेवकों ने गुरुद्वारा परिसर के बाहर और बावडी बालाजी के बाहर मुख्य मार्ग पर गुरु जी की याद में ठंडी लस्सी की छबील लगाई इस दौरान गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत ने रहागीरों को दूध से बना ठंडा शरबत वितरण कर गुरु के पुण्य कार्य में बढ़-चढ़ कर सेवाएं दी। इस पुण्य कार्य पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह सूरी उप प्रधान भगवान सेठी डॉ गुरमीत सेठी मनजीत सिंह काका खुशबीर सिंह आनंद सर्वजीत सिंह आनंद गोल्डी पंजाबी प्रितपाल सिंह सलूजा हरिदास बलोची अमर दास बलोची नानकराम सिंधी इत्यादि सेवक सहित सैकडों सेवादारी मौजूद रहे।

पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

निवाई, (निसं)। गांव रजवास के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में स्थित पेडों में सोमवार को भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी एवं चुग्गे के लिए परिंडे लगाए गए। पक्षियों की सेवा का कार्य निरंतर जारी है। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने कहा कि पक्षियों के लिए पानी एवं चुग्गे की व्यवस्था करना मानव धर्म है। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, शंकरलाल मीणा व पुष्पेन्द्र गुर्जर सहित कई लोग मौजूद थे।

एक गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। डिग्गी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जयसिंहपुरा मोड पर पंहुचकर आरोपी जीतू माधीवाल पुत्र मुकेश माधीवाल जाति नट उम्र 39 साल निवासी जयसिंहपुरा डिग्गी जिला टोंक के कब्जे से 48 पव्वे अवैध देशी शराब के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

अवैध ठेके के विरोध में ग्रामीणों ने दिया एस.डी.एम. को ज्ञापन

अलवर, (निसं)। मालाखेडा उपखण्ड की ग्राम पंचायत मोहब्बतपुर के गांव कल्याण पुरा अवैध ठेके के विरोध में ग्रामीण लामबंध हो गए है। उन्होंने सोमवार को एसडीएम मालाखेडा देवी सिंह को सरपंच कुंती सेढूराम यादव की अगुवाई में एक ज्ञापन दिया और चेतावनी दी कि अगर समय रहते इस ठेके को यहां से नहीं हटवाया तो ग्रामीण आंदोलन करेगे।

- ठेके को नहीं हटवाने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी

एसडीएम देवी सिंह को सरपंच कुंती सेढूराम यादव की अगुवाई में ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि कल्याणपुरा में कुछ दबंग लोगों आशू खां जो कि सावडी बास का रहने वाला है जिसने अपनी दबंगाई के चलते गांव में कैंटर रख कर अवैध शराब का ठेका खोल दिया है गांव वाले विरोध करते है तो झगडे पर ये लोग उतारू हो जाते है।

इस अवैध शराब ठेके को लेकर ग्रामीणों का एक शिष्ठ मंडल सरपंच प्रतिनिधी सेढूराम यादव की अगुवाई में एसडीएम मालाखेडा से मिला और उन्हें इस ठेके को हटवाने के लिए ज्ञापन देते हुए कहा कि अगर यह ठेका समय रहते नही हटा तो इस गांव में कोई भी अनहोनी हो सकती है और इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की होगी। इस मौके पर लल्लू खां, सलामू खां, बाबूदीन, लियाकत, असमुद्दीन, जुबेर, भुट्टा खां, कमरूद्दीन रजाक, किशनलाल, साबूदीन आदि लोग मौजूद रहे।

युवा मित्र संघर्ष समिति ने बहाली की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निवाई, (निसं)। युवा मित्र संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। युवा मित्र संघर्ष समिति के सदस्य सुरेश बेनीवाल ने बताया कि समिति की ओर से विकसित राजस्थान युवा मित्र के नाम से दोबारा प्रक्रिया शुरू करने के लिए ज्ञापन सौंपा है। सरकार द्वारा युवा मित्रों को आचार संहिता के बाद बहाली का आश्वासन दिया गया था।

युवा मित्र संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा।

16 मार्च 2024 को युवा मित्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को भी वार्ता के लिए बुलाया गया था। जिसमें सरकार के मुख्य सचिव सहित बडे अधिकारी वार्ता में सभी युवा मित्र के ऊपर बिना मुकदमा लगाए पूर्व में लगे सभी युवा मित्रों को नए सिरे से विकसित राजस्थान युवा मित्र के रूप में बहाल करने पर चर्चा हुई थी। उच्च अधिकारियों की वार्ता के बाद में भी युवा मित्रों पर दर्ज मुकदमों को नहीं हटाया गया। जिसके कारण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा मित्र चिंता में हैं।

ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों को बेरोजगार युवाओं के भविष्य के हित को ध्यान में रखते हुए लगाए गए मुकदमें खारिज कर बहाल कर जल्द से जल्द युवा मित्रों को राहत प्रदान करें। ज्ञापन देने वालों में समिति के हेतराज बैरवा, रविंद्र गुर्जर, विनोद कुमार, श्रवण कुमार, अक्षय शर्मा, अवधेश शर्मा, शिप्रा शर्मा, कलावती स्वामी, कोमल शर्मा, मुकेश कुमार व मोसिन कुरेशी साहित कई युवा मित्र मौजूद थे।

संबंध विच्छेद-बेदखली

मेरे अभिभाष्य ईकबाल मोहम्मद रंगरेज पुत्र महमूद रंगरेज आयु 58 वर्ष व उनकी पत्नि बेगम बानो, आयु 53 वर्ष जातियान मुसलमान निवासीयान प्लाट नम्बर 14, चन्द्र शेखर आजाद कॉलोनी, बदनपुरा, जयपुर राजस्थान-302002 अपनी पुत्री रूकसार बानो पत्नि मोहम्मद सादिक के दुर्व्यवहार, अनुचित कृत्य एवं गलत संगत में पड़ने के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते है व अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। मेरे अभिभाष्य की पुत्री रूकसार बानो के किसी भी कार्य व्यवहार, लेन-देन तथा पुलिस प्रशासन के प्रति मेरे अभिभाष्य, मेरे अभिभाष्य की पत्नि व इनके परिवार के अन्य किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जयपुर (मनोज सिंह चौहान) एडवोकेट
दिनांक-10.06.2024 मोबाईल नम्बर-7877855666

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स लकी कंस्ट्रक्शन कंपनी, पता-प्लॉट नंबर सी-44, 6-डी, इंजीनियर्स कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर-302020 राज. भागीदारी फर्म से स्व. श्री बलवीर सिंह पुत्र श्री बैनी प्रसाद जी को दिनांक 08.05.2024 (मृत्यु दिनांक 08.05.2024) से निवृत (Retire) किया जा रहा है। एवं इसी दिनांक 08.05.2024 से (1) श्रीमति अनीता झाझडिया पत्नी स्व. श्री बलवीर सिंह (2) कृष्ण झाझडिया पुत्र श्री सुनील कुमार झाझडिया नए भागीदार के रूप में फर्म में सम्मिलित हो रहे है वर्तमान में (1) अनीता झाझडिया (2) अंकित झाझडिया (3) कृष्ण झाझडिया फर्म में सक्रिय भागीदार है इस संबंध में भागीदारों के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस जयपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

इति दिनांक वास्ते-मैसर्स लकी कंस्ट्रक्शन कंपनी
पता-प्लॉट नंबर सी-44, 6-डी, इंजीनियर्स कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर-302020 राज.
भागीदार-(1) अनीता झाझडिया (2) अंकित झाझडिया (3) कृष्ण झाझडिया

सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : जविप्रा/उपा. जोन-6/2024/डी-1108 दिनांक : 17.05.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार जांगिड़ एवं श्री मुकेश कुमार पुत्रान श्री रामअवतार जांगिड़ द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजि. हकत्याग के आधार पर मोती भवन गृ.नि.सं.समिति की योजना 4सी माचडा के आवासीय भूखण्ड संख्या सी-1118 क्षेत्रफल 266.66 व.ग. का नाम हस्तान्तरण/लीजडीड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा भूखण्ड संख्या सी-1118 का श्री अनिल कुमार जांगिड़ एवं श्री मुकेश कुमार पुत्रान श्री रामअवतार जांगिड़ के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। उपायुक्त जोन-6

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती कोरल दूबे पत्नी श्री रोबिन्द्रनाथ दूबे निवासी-प्लाट नंबर-3 निर्मला, जी-2, अस्पताल रोड के सामने, सी-स्कीम, जयपुर के स्वामित्व व मालिकाना हक की स्वअर्जित सम्पत्तियां (1) प्लाट नम्बर-3, निर्मला जी-2, अस्पताल रोड के सामने, सी-स्कीम, जयपुर में अविभाजित 1/3 हिस्सा (2) 56, चर्च विय्यू गोखले रोड (उत्तर) दादर पश्चिम, मुम्बई में अविभाजित 1/2 हिस्सा है एवं मेरी अभिभाष्या का एकमात्र पुत्र स्व. मोरगन दूबे था जिसको उसकी पत्नी जैनेट दूबे ने हमेशा परेशान रखा था। मै मेरी उपरोक्त समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से व मेरे जीवन से मेरी पुत्रवधु जैनेट दूबे व पौत्र क्रूज दूबे को बेदखल करती हूँ इनका कोई हक, अधिकार व कब्जा किसी भी रूप से मेरी चल व अचल संपत्तियों में कभी नहीं रहा और ना भविष्य में रहेगा, इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन व कोई भी प्रलेख निष्पादित करवाया जाता है तो वह प्रलेख शुन्य होगा। उक्त संपत्तियों बाबत मेरी अभिभाष्या अपने देवर श्री अनिल दूबे के हक में विधिवत प्रलेख निष्पादित कर रही है। सूचित रहे।

जयपुर (डॉ. भवानी सिंह बराला) एडवोकेट
दिनांक- 10.06.2024 मो. 9950259659

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री महेश चन्द मीना पुत्र राम किशोर मीना एवं उनकी पत्नि श्रीमती कमला मीना मूल निवासी ढाणी गोरिया, धानोता, उदयपुरवाटी, जिला नीम का थाना (राज.) हाल निवासी मकान संख्या 9, पवनपुत्र कॉलोनी बी, पांच्यावाला, बजरी मंडी जयपुर (राज.) के बड़े पुत्र चिराग जिरवाल की पत्नि पूर्वा बामडी मेरे अभिभाष्यगण को अत्यधिक हैरान परेशान करती है एवं उनसे लडाई झगड़ा करती है जिसमें मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र चिराग भी उसका ही पक्ष लेता है। इस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने बड़े पुत्र चिराग जिरवाल एवं उसकी पत्नी पूर्वा बामडी को जनवरी 2024 से अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल किया हुआ है तथा इनका मेरे अभिभाष्यगण से कोई सम्बन्ध एवं संव्यवहार नहीं रहा है। इनके द्वारा यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी व अर्धसरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन, ऋण या अन्य कोई संव्यवहार किया जाता है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

जयपुर (अविनाश वशिष्ठ) एडवोकेट
दिनांक-10.06.2024 मो. 9413488007

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक फ्लेट नम्बर जी-2, बाबा अपार्टमेन्ट, प्लॉट नम्बर ए-5, ऑफिसर्स कोलोनी, सिरसी रोड, मीनावाला, पांच्यावाला, जयपुर-302034, राजस्थान में स्थित है। जिस पर मेरी माताजी श्रीमती अंजू झंवर एवम् मेरे भाई अंकित झंवर ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से उक्त ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान फ्लेट नम्बर जी-2, बाबा अपार्टमेन्ट, प्लॉट नम्बर ए-5, ऑफिसर्स कोलोनी, सिरसी रोड, मीनावाला, पांच्यावाला, जयपुर-302034, राजस्थान के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे है। यह कि मेरी माताजी श्रीमती अंजू झवर का दिनांक 26.04.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्तफ्लेट/मकान/प्लॉट के पेटे लिए हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मै उक्तफ्लेट के असल दस्तावेजो को प्राप्त करना चाहता हूँ यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, वैशाली नगर, जयपुर (फोन नम्बर 18002100018) में सम्पर्क करे। सूचित रहे।

अनिरुद्ध झंवर व अंकित झंवर
निवासी एक फ्लेट नम्बर जी-2, बाबा अपार्टमेन्ट,
प्लाट नम्बर ए-5, ऑफिसर्स कोलोनी, सिरसी रोड,
मीनावाला, पांचवाला, जयपुर-302034, राजस्थान

कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड़, जयपुर)
(लैण्ड प्रकोष्ठ)
क्र. : एफ-6( )उपा.लैण्ड(सा.प्र.)/ननिज./2024/1490 दि. : 7.6.24

सार्वजनिक सूचना

मूल भूखण्ड संख्या 2-ए, सीताराम कॉलोनी, जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री सूरजवली तिवाड़ी के नाम पट्टा जारी किया गया था। सूरजवली की मृत्यु के उपरान्त उनके वारिस श्रीमती चन्दानी तिवाड़ी, श्रीमती बीना त्रिपाठी, श्रीमती रेणु दुबे व श्रीमती रुकमणी शुक्ला पत्नी एवं पुत्रियां सूरजवली द्वारा श्री शारदा शरण के पक्ष में हक त्याग किया गया है। हक त्याग पत्र शपथ पत्र के आधार पर क्षेत्रफल 105.83 वर्गगज अब नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, लैण्ड शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किए जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

श्रवण कुमार विश्नोई, उपायुक्त (लैण्ड शाखा),
नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853

आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 3/ज/19 जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 165.00 वर्गगज का आवंटन श्री रमेश दत्त शर्मा को किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर नगर में दिनांक 19.10.1977 को करवाया गया। श्री रमेश दत्त शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.01.2023 को हो जाने के कारण उनके वारिसों श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री रमेश दत्त शर्मा एवं किशोर कुमार शर्मा की आपसी सहमति से कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 14.03.2024 को निष्पादित पंजीबद्ध विभाजन विलेख के आधार पर श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री रमेश दत्त शर्मा के द्वारा उक्त आवास का नाम प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री रमेश दत्त शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी-958 दिनांक-10.06.2024

प्रस्तावित भू-उपयोग उपान्तरण

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की योजना वैशाली नगर के भूखण्ड संख्या एफ-316 क्षेत्रफल 244.17 वर्गगज का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टाविलेख क्रमांक 9257 दिनांक 11.03.2024 के द्वारा मैसर्स श्री गणेश कन्स्ट्रक्शन पार्टनर श्री किशन निहलानी एवं श्री पंकज मैनानी को जारी किया गया था। नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 के अन्तर्गत जारी अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 के बिन्दु संख्या 2 के उपबिन्दु-4 के क्रम में भू उपयोग परिवर्तन आवासीय से मास्टर प्लान/जोनल प्लान में दर्शित मिश्रित भू उपयोग प्रयोजनार्थ किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त भूखण्ड के साईट प्लान अनुसार उत्तर दिशा की ओर सड़क 30 फीट दक्षिण दिशा की ओर प्लाट नं. एफ-317 पूर्व दिशा की ओर प्लाट नं. एफ-315 एवं पश्चिम दिशा की ओर सड़क 80 फीट स्थित है।

कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना के दो राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की कालावधि के भीतर उपरोक्त भू उपयोग परिवर्तन के संबंध में आपत्ति/सुझाव निम्न हस्ताक्षरकर्ता को कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सूचित रहे।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक.....को जारी की गई।

उपायुक्त जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853

आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 5075 दिनांक 27.10.1987 जारी कर आवास संख्या 3/ज/20 जवाहर नगर जयपुर क्षेत्रफल 165.00 वर्गगज का हस्तान्तरण श्रीमती कृष्णा राही पत्नी श्री मिलाप चन्द राही के पक्ष में किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 11.05.1990 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती कृष्णा राही पत्नी स्व. श्री मिलाप चन्द राही के द्वारा उक्त आवास का मुख्त्यारनामाआम श्री ताराचन्द सपडा पुत्र श्री डालूराम जी सपडा को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्त्यारनामाआम का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 05.07.1990 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामाआम धारक श्री तारान्द सपडा पुत्र श्री डालूराम जी सपडा के द्वारा बेचान सुश्री सरला घेई पुत्री स्व. श्री रूप नारायण घेई को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 04.03.1992 को करवाया गया। तत्पश्चात सुश्री सरला घेई पुत्री स्व. श्री रूप नारायण घेई के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्री रमेश दत्त शर्मा पुत्र श्री गोकुल चन्द शर्मा को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 15.09.2004 को करवाया गया। श्री रमेश दत्त शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.01.2023 को हो जाने के कारण उनके वारिसों श्री अशोक शर्मा पुत्र श्री रमेश दत्त शर्मा एवं किशोर कुमार शर्मा की आपसी सहमति से कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 14.03.2024 को निष्पादित पंजीबद्ध विभाजन विलेख के आधार पर श्री किशोर कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश दत्त शर्मा के द्वारा उक्त आवास का नाम प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री किशोर कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश दत्त शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या/कार्य का नाम:** निविदा स० ई. जेपी-2024-25-48- सहायक मण्डल इंजी० फुलेरा उप मंडल पर फुलेरा-मदार (डाउन लाईन) टी.आर.आर (पी) 70.460 किमी का कार्य, **अनुमानित लागत:** ₹7,72,68,300.66, **बिड प्रतिभूति राशि:** ₹536400/-। 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा संख्या इंजी./जय/2024-25/48 की बन्द होने की तिथि 02.07.2024 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 02.07.2024 समय 16.00 बजे।

677-PS/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

खोया पाया

मैं दिनेश कुमार जाट सांगानेर 24 मई को मेरा फर्स गिर गया जिसमें मेरे चार खाली चैक एसबीबीजे चैक संख्या 356508, 356515 और सिंडिकेट बैंक चैक संख्या 995354, 995355 एवं भाई विनोद का महेन्द्रा को मिले तो मोबाइल नंबर 7665778877 लौटाये।

भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति के मकान नंबर 5, शिव विहार हरमाडा सीकर रोड जयपुर जो कि मंजू बैराठी के नाम से आवंटित था के मूल दस्तावेज गुम हो गए है। प्राथमिकी विश्वकर्मा पुलिस थाने में दर्ज है। मिलने पर सूचित। आशिमा लुहाडिया 288 सिद्धार्थ नगर सी गेटोर जयपुर-9414056886

मैं रोहिताश गुर्जर पुत्र श्री जवान सिंह गुर्जर विद्यालय बाल आश्रम विद्यापीठ सैकेण्डरी स्कूल जलोई जयपुर का रजिस्ट्रेशन नं. 518 की ओरिजिनल प्रति तथा आवेदन विधान खो गया है। मिलने पर सूचित करें-8619268714

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम कुमारी सुमन कुमारी शर्मा से बदलकर सुमन शर्मा रख लिया। भविष्य में सुमन शर्मा नाम से जाना जावें। 13/405 कावेरीपथ मानसरोवर, जयपुर

मै आर्मी नम्बर No. 16028513N Rank RFN. Jitendra Pratap Singh S/o Shankar Bux Singh R/o Village Amrauma, Post Pandwasi, Teh Lalganj Dist-Pratapgarh, UP आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पिताजी का नाम Shankar Baksh Singh and D.O.B. 01.01.1968 गलत दर्ज है सही नाम Shankar Bux Singh and D.O.B. 10.01.1968 Vide Affidavit BV 993413 Dated 09.06.2024 Jaipur है।

मै आर्मी नम्बर No. 16028513N Rank RFN. Jitendra Pratap Singh S/o Shankar Bux Singh R/o Village Amrauma, Post Pandwasi, Teh Lalganj Dist-Pratapgarh, UP आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम Rita Singh गलत दर्ज है सही नाम Reeta Singh. Vide Affidavit BV 993412 Dated 09.06.2024 Jaipur.

मैं आर्मी नम्बर 16013289P रैंक हवलदार यगविन्द्र सिंह पुत्र सम्पति सिंह निवासी ग्राम ढोलईकलां, पोस्ट बेलामऊ कलां, तहसील व जिला सीतापुर (उ.प्र.) पिन 261121, आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम Shusila Devi गलत दर्ज है सही नाम Sushila Singh. Vide Affidavit Dated 04.06.2024 Jaipur है।

मै आर्मी नम्बर 16020232H Rank L/K Lalit S/o Chander Pal R/o Village-1821, Ishlamabad, Palwal, Haryana 121102. आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी धर्म पत्नी का नाम Mamta Devi D.O.B. 13.08.1987. गलत दर्ज है सही नाम Mamta Rani D.O.B. 03.08.1987 Vide Affidavit BV 993428 Dated 10.06.2024 Jaipur.

मै आर्मी नम्बर 16034894W RFN Shrawan Singh S/o Sagat Singh R/o Village Ward No. 2, Kheendasar, Post Kheendasar, Dist-Bikaner Rajasthan. Pin 334302 आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम Chhelu Kanwar गलत दर्ज है सही नाम Chailu Kanwar. Vide Affidavit BV 993427 Dated 10.06.2024 Jaipur है।

मै आर्मी नम्बर 16023250W रैंक NK Alok Singh S/o Ram Saran Singh R/o Village Jijuata, Buzurg, Post Rudain, Teh Kaimganj Dist. Farrukhabad, UP. Pin 207505 आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम Laxi Devi and D.O.B. 01.08.1971 गलत दर्ज है सही नाम Lakshmi Devi and D.O.B. 01.01.1972. Vide Affidavit Dated 04.06.2024 Jaipur. है।

मैं कुन्दन लाल पुत्र स्व. श्री हनुमान सहाय निवासी प्लॉट नंबर 28, सैनी कॉलोनी प्रथम करतारपुरा जयपुर मैंने मेरा नाम कुन्दन लाल से बदलकर कुन्दन लाल अकरणियाँ रख लिया है भविष्य में मुझे कुन्दन लाल अकरणियाँ के नाम से जाना जावें।

मैंने अपना नाम विवाह पश्चात अंजु जिन्दल से बदलकर कविता लश्करी पत्नी पुनीत लश्करी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता 48-ए, पटेल नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर। मो. 9414057342

I have changed my name after marriage Anita Kyal to Pooja Gupta W/o Prabhat Kumar Gupta for all purpose in future. R/o P.No. 29, Kailashpuri New Sanganer Road Sodala Jaipur-302019

I army no. 2989785K Ex NK bhagwat singh S/o Bhairun singh R/o village post nithara teh. Shahura district jaipur that have changed my daughter name from Rinku Kanwar Shekhawat to Rinku Kanwar vide affidavit dated 9 June 2024 before district notary Jaipur.

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता

निविदा सूचना संख्या 02/2024-25

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यो के लिये राजकीय/अर्द्ध-राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से विभिन्न कार्यो की कुल संख्या **15** हेतु कुल राशि रुपये **72.52** लाख की सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय, एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नंम्बर **URA2425WSOB00017 to 31, NIB; 2425A0009** है।

विश्वविद्यालय अभियन्ता